समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार क्रिकेट मे भिड़ेगी भारत-पाक महिला टीमे, ICC ने जारी किया शेड्यूल।

Publisher

Published on 16 Jun 2025




## महिला वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन भारत और श्रीलंका मे होंगा, भारत बनाम पाकिस्तान का बहुप्रतीक्षित मुकाबला 5 अक्टूबर को कोलंबो मे खेला जाएगा।

**नई दिल्ली/कोलंबो : महिला क्रिकेट विश्व कप 2025** की तैयारियां ज़ोरों पर हैं और **ICC** ने इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी कर दिया है। टूर्नामेंट का आयोजन **30 सितंबर से 2 नवंबर 2025** तक **भारत** और **श्रीलंका** में किया जाएगा। यह पहली बार होगा जब **ऑपरेशन सिंदूर** के बाद **भारत** और **पाकिस्तान** की महिला क्रिकेट टीमें आमने-सामने होंगी।

8 देशों की टीमें इसमें हिस्सा लेंगी और कुल **31 मैच** खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला **30 सितंबर** को भारत और श्रीलंका के बीच बेंगलुरु में होगा।

### भारत-पाकिस्तान महामुकाबला 5 अक्टूबर को

भारत और पाकिस्तान की महिला टीमों के बीच मैच हमेशा से चर्चा का विषय रहा है। इस बार 5 अक्टूबर को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में दोनों टीमें भिड़ेंगी। यह मुकाबला शाम 3 बजे शुरू होगा।

### भारत की टीम का पूरा शेड्यूल

| **तारीख** | **मुकाबला वेन्यू** | **समय** |
|---|---|---|
| 30 सितंबर | भारत बनाम श्रीलंका बेंगलुरु | 3 बजे |
| 5 अक्टूबर | भारत बनाम पाकिस्तान कोलंबो | 3 बजे |

| | | |
|---|---|---|
| 9 अक्टूबर | भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका विशाखापत्तनम | 3 बजे |
| 12 अक्टूबर | भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया विशाखापत्तनम | 3 बजे |
| 19 अक्टूबर | भारत बनाम इंग्लैंड इंदौर | 3 बजे |
| 23 अक्टूबर | भारत बनाम न्यूजीलैंड गुवाहाटी | 3 बजे |
| 26 अक्टूबर | भारत बनाम बांग्लादेश बेंगलुरु | 3 बजे |

**भाग लेने वाली टीमे**

**भारत, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैडं, इंग्लैडं, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश**

**हाइब्रिड मॉडल मे टूंर्नामेटं का आयोजन**

इस बार टूर्नामेंट **हाइब्रिड मॉडल** में आयोजित होगा। पाकिस्तान की टीम अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगी। यदि पाकिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचती है तो पहला सेमीफाइनल भी कोलंबो में होगा, और अगर वह फाइनल में जाती है तो 2 नवंबर का फाइनल भी कोलंबो में ही होगा। अन्यथा, **फाइनल मुकाबला बेगंलुरु** में खेला जाएगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.